SouthWesternCommand_IA · 58m

" We Build our Youth- We Build our Future"

#FulcrumBde conducted familiarisation visit & equipment display for students of Dayanand College, Hisar to #HisarMilitaryStation showcasing Army way of life & stoking their passion to make conscious career choices.

#SSSOC
@adgpi

PIB India and 4 others

7 38 688

Scanned with CamScanner

भारतीय सेना की गौरवमयी परंपरा से परिचित हो विद्यार्थी : डॉ. विक्रमजीत

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार, 21 फरवरी। महाविद्यालय के विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने तथा उन्हें भारतीय सेना की गौरवमयी परम्परा से रूबरू करवा कर सैन्य सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दयानंद महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा 50 के करीब विद्यार्थियों को भारतीय थलसेना के हिसार मिलिट्री स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान छात्रों ने सैन्य उपकरणों को देखा और समझा। सैन्य अधिकारियों ने सेना में करियर संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने आर्मी स्टेशन के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने सैनिकों से भेंट कर उनसे उनके जीवन के बारे में बातचीत की और उनके अनुभवों से प्रेरणा ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को भारतीय सेना की गौरवमयी परंपरा से परिचित होने की आवश्यकता है। मिलिट्री स्टेशन की विजिट करने का निर्णय रक्षा अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज देने की दिशा में एक सराहनीय व महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए रक्षा अध्ययन विभाग के प्राध्यापक व विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। शैक्षणिक भ्रमण के संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार के अनुसार इस भ्रमण से छात्रों को सैनिक जीवन व उनके कार्यों के बारे में वास्तविक ज्ञान मिला। छात्र अपने व्यक्तिगत जीवन में भी इस ज्ञान का उपयोग करके समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकते हैं। कैप्टन पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रोजेक्टर पर पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा मोटीवेशन लेक्चर, विभिन्न युद्धों का इतिहास, भारतीय सेना में प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी, भारतीय सेना की अदम्य साहस की कहानियां, सेना के जनसेवा कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने सैन्य अधिकारियों को विद्यार्थियों के लिए इस विजिट को ऐतिहासिक व रोमांचक अनुभव वाला बताया। सूबेदार संजय कुमार व सैन्य अधिकारी पी. मुरूगन आदि द्वारा विद्यार्थियों के लिए उचित व्यवस्था का प्रबंध किया गया। इस अवसर पर रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. रविन्द्र कुमार व विभाग के करीब 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

डीएन कॉलेज के छात्रों ने किया मिलिट्री स्टेशन का भ्रमण

सिटी रिपोर्टर • दयानंद महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा 50 के करीब विद्यार्थियों को भारतीय थलसेना के हिसार मिलिट्री स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान छात्रों ने सैन्य उपकरणों को देखा और समझा। सैन्य अधिकारियों ने सेना में करियर संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने आर्मी स्टेशन के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने सैनिकों से भेंट कर उनसे उनके जीवन के बारे में बातचीत की और उनके अनुभवों से प्रेरणा ली।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को भारतीय सेना की गौरवमयी परंपरा से परिचित होने की आवश्यकता है। मिलिट्री स्टेशन की विजिट करने का निर्णय रक्षा अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के लिए प्रैक्टिकल नॉलेज देने की दिशा में एक सराहनीय व महत्वपूर्ण कदम है।

कैप्टन पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रोजेक्टर पर पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा मोटीवेशन लेक्चर, विभिन्न युद्धों का इतिहास, भारतीय सेना में प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी, भारतीय सेना की अदम्य साहस की कहानियां, सेना के जनसेवा कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने सैन्य अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते किया। मौके पर महेन्द्र सिंह व अन्य मौजूद थे।

Scanned with CamScanner